न्यायालय उप जिला कलेक्टर बौंली जिला सवाई माधोपुर

पीठासीन अधिकारी रामसिंह राजावत आर.ए.एस.

विविध प्रार्थना पत्र संख्या – 20/2026

जाहिद खाँ पुत्र मोजम खाँ उम्र 60 वर्ष निवासी बौंली हाल निवासी हाउसिंग बोर्ड सवाई माधोपुर राज0 ।

..............प्रार्थी

बनाम

राज0 सरकार जरिये तहसीलदार तहसील बौंली स0मा0

..............अप्रार्थी

उपस्थित :–श्री मोहम्मद जाहिद शिर्वानी एड. प्रार्थी की ओर से

राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 129 एल.आर.एक्ट 1956 प्रार्थना पत्र बाबत् करवाये जाने सीमाज्ञान एवं पत्थरगढी मय तार फेन्सिंग

दिनांक 03.06.2026

आदेश

प्रार्थी की और से यह प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया है कि प्रार्थी वाके ग्राम हरसोता पटवार हल्का बडागांव सरवर तहसील बौंली स0मा0 में स्थित है। वाके ग्राम हरसोता की जमाबन्दी संवत् 2076–2079 के खाता संख्या नया 251 पुराना खाता संख्या 244 खसरा नम्बर 1404 रकबा 0.1600 किस्म बारानी 1 वाके ग्राम हरसोता तहसील बौंली में स्थित है जिसमें प्रार्थी का हिस्सा 1/2 स्थित है। प्रार्थी की उक्त खातेदारी काश्तकारी की आराजी के पडोसी काश्तकार झगडालू व आपराधिक किस्म के व्यक्ति है जो आये दिन प्रार्थी के खेत की मेड तोडते है। एवं प्रार्थी की खातेदारी जमीन में घुसने का प्रयास करते है प्रार्थी विरोध करता है तो वे लौग नाराज हो जाते है जिससे आए दिन झगडा फसाद होने की संभावना बनी रहती है। प्रार्थी उनका मौके पर मुकावला करने में असमर्थ है। दिनांक 28.2.26 को प्रार्थी अपनी आराजी को संभालने खाता संख्या नया 251 खाता संख्या पुराना 244 खसरा नम्बर 1404 पर गया तो देखा कि प्रार्थी की उपरोक्त खाते की आराजी को पडोसी खातेदारान दबाने के लिए प्रयासरत है तो प्रार्थी ने अतिकमण करने की फिराक में रहने वाले पडोसियान से पूंछा तो वे लौग बोले हमने हमारी आराजी में ही काश्त की है यदि तुम्हारी खातेदारी इसमें दबी हुई है तो सरकार से सीमाज्ञान करवाकर पत्थरगढी करवा लो । एवं पडोसी खातेदारान गाली–गलोच व झगडा करने पर उतारू हो गये है प्रार्थी शांतिप्रिय व्यक्ति होने के कारण चुपचाप अपने घर पर आ गया प्रार्थी ने अपने वकील से सलाह लेकर यह प्रार्थना पत्र पेश कर रहा है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को नोटिस दिया गया । वाद तामिल उपस्थित नहीं होने के कारण एकतरफा कार्यवाही की गई ।

बहस सुनी गयी। पत्रावली का अवलोकन किया। वाके ग्राम हरसोता तहसील बौंली में स्थित जमाबन्दी संवत् 2076–2079 के खाता संख्या 251 पुराना खाता संख्या 244 खसरा नम्बर 1404 रकबा स0.1600 किस्म वारानी 1 वाके ग्राम हरसोता तहसील बौंली में स्थित प्रार्थी के 1/2 हिस्से की आराजी का सीमाज्ञान व पत्थरगढी मय पुलिस इमदाद के करना बताया । क्योंकि बिना विभाजन के खातेदार का प्रत्येक भाग पर अधिकार होता है । अतः 1/2 हिस्से का सीमाज्ञान पत्थरगढी किया जाना संभव नहीं है। अतः हमारे विनम्र अभिमत में सीमाज्ञान पत्थरगढी किया जाना विधि संगत नहीं है।

आदेश

अतः उक्त विवेचना के परिपेक्ष्य में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अस्वीकार कर खारिज किया जाता है।

03.6.26

(रामसिंह राजावत)
उप जिला कलेक्टर
बौंली, स.मा.

आदेश आज दिनांक 03.06.26 को खुले न्यायालय मे लिखवाया जाकर सुनाया गया।

03.6.26

उप जिला कलेक्टर
बौंली स.मा.